Downloaded from www.studiestoday.com

## पाठ –3

# भारत में राष्ट्रवाद

***याद रखने योग्य बाते :-***

1. रॉलट सत्याग्रह 18 मार्च 1919 के रॉलट कानून के खिलाफ किया गया आंदोलन।
2. 5 फरवरी 1922 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के चौरी–चौरा स्थान पर आंदोलनकारियों द्वारा पुलिस चौकी में 22 पुलिस वालों को जिंदा जलाना।
3. 13 अप्रैल 1919 को पंजाब के अमृतसर के जलियाँवाला बाग में सैकड़ो लोगों की हत्या करना।
4. सन् 1929 के कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य की घोषणा और 26 जनवरी को प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस मनाने का संकल्प।
5. सन् 1920–1922 कांग्रेस और मुस्लिम लीग द्वारा एक साथ असहयोग तथा खिलाफत आंदोलन चलाना।
6. सन् 1930 को भीम राव अंबेडकर दलित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना करना।
7. सन् 1930 गांधी जी द्वारा दांडी में नमक कानून का उल्लंघन करके सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ करना।
8. सन् 1934 में सविनय अवज्ञा आंदोलन समाप्त हो गया।

**बहुवैकल्पिक प्रश्न (1 अंक वाले)**

प्रश्न 1 :- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई?

(क) 1884 (ख) 1882 (ग) 1888 (घ) 1885

प्रश्न 2 :- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे?

(क) दादाभाई नौरोजी (ख) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी (ग) व्योमेश चन्द्र बैनर्जी (घ) गोपाल कृष्ण गोखले

प्रश्न 3 :- 1922 में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन क्यों वापस लिया?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(क) अग्रेजी सरकार के दबाव में आकर

(ख) भारतीय लोगों द्वारा सहयोग न मिलने के कारण

(ग) चौरा–चौरी में हिसांत्मक घटना के कारण

(घ) उपर्युक्त में से कोई नही

प्रश्न 4 :– 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक की रचना किसके द्वारा की गयी?

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद

(ग) रवीन्द्र नाथ टैगोर (घ) महात्मा गाँधी

प्रश्न 5 :– मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई?

(क) 1885 ई. में (ख) 1906 ई॰ में (ग) 1909 ई॰ में (घ) 1916 ई॰ में

प्रश्न 6 :– गाँधी जी ने किस वर्ष बिहार के चंपारन इलाके का दौरा किया?

(क) 1916 ई॰ में (ख) 1917 ई॰ में (ग) 1918 ई॰ में (घ) 1919 ई॰ में

प्रश्न 7 :– असहयोग खिलाफत आंदोलन कब शुरू हुआ?

(क) जनवरी 1920 (ख) जनवरी 1922 (ग) जनवरी 1929 (घ) जनवरी 1930

प्रश्न 8 :– असहयोग आंदोलन के दौरान अवध में किसानों का नेतृत्व किसने किया?

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) बाबा रामचन्द्र (ग) शौकत अली (घ) महात्मा गांधी

प्रश्न 9 :–आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में आदिवासी किसानों के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

(क) बाबा रामचन्द्र (ख) अल्लूरी सीताराम राजू (ग) अब्दुल गफ्फार खाँ (घ) सी रामचन्द्रन

प्रश्न 10 :– किस दशक की शुरूआत में उग्र गुरिल्ला आंदोलन फैला था?

(क) 1920 के दशक में (ख) 1910 के दशक में (ग) 1930 के दशक में (घ) 1940 के दशक में

प्रश्न 11 :– 'वन्देमातरम्' राष्ट्रीय गीत किसने लिखा था?

(क) अबनीद्रनाथ टैगोर (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(ग) बंकिम चंद्र चटर्जी (घ) मुहम्मद इकबाल

प्रश्न 12 :– पूना पैक्ट क्या था?

(क) गाँधी जी और डॉ अम्बेडकर के बीच समझौता हुआ था।

(ख) अंग्रेजों और मुहम्मद अली जिन्ना में बीच समझौता हुआ था।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(ग) गाँधी जी और मुहम्मद अली जिन्ना के बीच समझौता हुआ था।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नही।

प्रश्न 13 :- डिस्कवर ऑफ इंडिया पुस्तक का लेखक कौन था?

(क) सुभाष चन्द्र बोस (ख) बाल गंगाधर तिलक (ग) जवाहर लाल नेहरू

(घ) लाला लाजपत राय

प्रश्न 14 : अवनीद्रनाथ टैगोर कौन थे?

(क) राजनैतिक नेता (ख) वैज्ञानिक (ग) चित्रकार (घ) अर्थशास्त्री

प्रश्न 15 :- 'द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया' किसने लिखी थी?

(क) अवनींद्रनाथ टैगोर (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर (ग) राजा रवि वर्मा (घ) नातेसा शास्त्री

प्रश्न 16 :- सन् 1929 में किस शहर में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की गई थी?

(क) मुम्बई (ख) दिल्ली (ग) कलकत्ता (घ) मद्रास

प्रश्न 17 :- द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया नामक लोककथाओं के संकलन वाली किताब निम्न में से किस भाषा में छापी गई थी?

(क) बंगाली (ख) तमिल (ग) कन्नड़ (घ) उड़िया

लघु उत्तर वाले प्रश्न (3/4 अंक)

प्रश्न 1 :- असहयोग आंदोलन के किन्ही तीन प्रभावों का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 2 :- खिलाफत आंदोलन को प्रारम्भ करने के प्रमुख कारण कौन से थे?

प्रश्न 3 :- असम में बागान मजदूरों के लिए स्वराज की अवधारणा क्या थी?

प्रश्न 4 :- भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया?

प्रश्न 5 :- भारत के लोग रॉलट एक्ट के विरोध में क्यों थे?

प्रश्न 6 :- गांधी जी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का फैसला क्यों लिया?

प्रश्न 7 :- गाँधी-इरविन समझौते की विशेषताएं बताइए?

प्रश्न 8 :- सविनय अवज्ञा आंदोलन पर टिप्पणी लिखो?

प्रश्न 9 :- 1916 ई० के लखनऊ समझौते का क्या महत्व था?

प्रश्न 10 :- अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? असहयोग आंदोलन में उनके योगदान को बताइये?

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

## बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर

(1) (घ) 1985

(2) (ग) व्योमेश चन्द्र बैनर्जी

(3) (ग) चौरी-चौरा में हिसांत्मक घटना के कारण

(4) (घ) महात्मा गांधी

(5) (ख) 1906 ई॰ में

(6) (ख) 1917 ई॰ में

(7) (क) जनवरी 1920

(8) (ख) बाबा रामचंद्र

(9) (ख) अल्लूरी सीताराम राजू

(10) (क) 1920 के दशक में

(11) (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(12) (क) गाँधी जी और डा॰ अम्बेडकर के बीच समझौता हुआ था।

(13) (ग) जवाहर लाल नेहरू

(14) (ग) चित्रकार

(15) (क) अवनीद्रनाथ टैगोर

(16) (ख) दिल्ली

(17) (ख) तमिल

**उत्तर 1** (1) खिलाफत तथा असहयोग आंदोलन एक साथ चलाया जाय।

(2) इसको अलग-अलग चरणों में चलाना।

(3) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार स्वदेशी वस्तु अपनाना

(4) अंग्रेजों द्वारा दी गयी उपाधि को वापस करना।

(5) सरकारी कार्यालय स्कूल आदि को छोड़ना।

**उत्तर 2** (1) तुर्की साम्राज्य (खलीफा) का अंग्रेजों द्वारा अपमान

(2) लखनऊ समझौते (1916) के बाद कांग्रेस के साथ मुस्लिम लीग का समझौता

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(3) असहयोग आंदोलन कांग्रेस द्वारा आंरभ होना तथा मुसलमानों का मिलकर खिलाफत आंदोलन के साथ करना।

**उत्तर 3** :- (1) अनुबंध के नियमों का उल्लंघन

(2) चाय बगानों से बाहर निकलना

(3) असहयोग आंदोलन में सम्मिलित होना।

(4) कृषि भूमि तथा सुख-साधनों को प्राप्त करना।

**उत्तर 4** :- (1) समय से पहले गठन करना।

(2) शासन में सुधार जैसी कोई बात नही।

(3) एक भी भारतीय को इसमें सम्मिलित नही किया गया।

उत्तर 5 :- (1) यह एक काला कानून था।

(2) इस कानून के अंतर्गत किसी को लम्बे समय तक जेल में डाला जा सकता था।

(3) यह प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ही भारतीय जनता को नियन्त्रण में करने के लिए लाया गया था।

(4) विश्व युद्ध के बाद इसे खत्म करना था परन्तु सरकार ने इसे बनाये रखा। इसका विरोध भारत की आम जनता ने किया।

**उत्तर 6** :- (1) असहयोग आंदोलन अंहिसा पर आधारित था।

(2) आंदोलनकारियों में निरसता आ गई थी।

(3) चौरा-चौरी में आंदोलनकारियों द्वारा 22 पुलिस वालों को चौकी में जिंदा जलाया जाना।

**उत्तर 7** :- (1) 5 मई 1931 ई॰ को गाँधी इरविन समझौता।

(2) सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर दिया जाय।

(3) पुलिस द्वारा किए अत्याचारों की निष्पक्ष जाँच की जाय।

(4) नमक पर लगाए गए सभी कर हटाए जाएँ।

उत्तर 8 :- (1) गाँधी जी ने सन् 1930 को दांडी नामक स्थान पर नमक कानून तोड़कर शुरू किया।

(2) 1934 तक आंदोलन का चलना।

(3) गाँधी जी ने विद्यार्थियों को स्कूल एवं कॉलेजों, विद्यायकों विधान पालिका विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आरंभ करना।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(4) स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना।

(5) मुस्लिम एकता पर बल देना।

उत्तर 9 :- (1) कांग्रेस के नरम दल और गरम दल का एक मंच पर आना।

(2) कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच समझौता

(3) दोनो ने संयुक्त होकर अंग्रेजो से अपनी मांगों को लेकर सामना करना।

(4) बाल गंगाधर तिलक का इसमें बड़ा योगदान था।

उत्तर 10 :- अल्लूरी सीताराम राजू ने आंध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों के आदिवासी किसानों का नेतृत्व किया।

(1) ये एक रोचक व्यक्ति थे। इन्हें खगोलीय ज्ञान प्राप्त था।

(2) लोगो का मानना था कि उनके पास विशेष शक्तियां है जिससे वह लोगो को स्वस्थ कर सकते है।

(3) ये गाँधी जी के प्रशंसक थे।

(4) उन्होंने लोगो को खादी पहनने तथा शराब छोड़ने को कहा।

(5) उन्होंने हिंसा द्वारा ही अपनी बात मनवाने को कहा।

(6) 1924 को राजू को फांसी पर लटका दिया गया।

Downloaded from www.studiestoday.com